हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 19 अगस्त 2025, समय 1305 (05 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगली पीढ़ी के सुधारों की कार्य-योजना की समीक्षा के लिए कल एक उच्च स्तरीय बैठक की। इसके तहत जीवन में आसानी, कारोबार सुगमता और समावेशी समृद्धि के उपायों पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। प्रधानमंत्री को शासन में सरलता, आर्थिक वृद्धि को मजबूती देने और इन उपायों से नागरिकों के लिए सीधा लाभ सुनिश्चित करने के उपायों की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संबोधन के बाद यह उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई। स्वतंत्रता दिवस संबोधन में प्रधानमंत्री ने जीएसटी सुधारों और करों का बोझ कम करने के रूप में दीवाली उपहार का वायदा किया था।

आठ साल के बाद समय की मांग है कि हम इस बार इसको रिव्यू करें। हमने हाईपावर कमिटि को बिठाकर हमने रिव्यू शुरू किया। राज्यों से भी विचार विमर्श किया। हम नेक्सट जेनरेशन जीएसटी रिफार्मस लेकर के आ रहे हैं। ये दिवाली के अंदर आपके लिए तौफा बन जाएंगे। सामान्य मानवी की जरूरत के टैक्स भारी मात्रा में कम कर दिए जाएंगे।

बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से सुधार लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन सुधारों का उद्देश्य जीवन में आसानी लाना, कारोबार सुगमता और समृद्धि को बढ़ावा देना है।

****

हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने गत सायं चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार बहु-विषयक शिक्षा विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश में नए आयाम स्थापित होंगे। नई शिक्षा नीति एक नई दिशा दिखाने का कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा ने इसे लागू कर दिया है और इसके सभी आयामो के लक्ष्य को निश्चित तौर पर हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में पहुँच, गुणवत्ता, समानता, स्थिरता और भविष्य की तैयारी वे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं जिन पर राज्य सरकार का दृष्टिकोण आधारित है।

कार्यशाला में आयोजित सत्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परिकल्पित, बहु-विषयक शिक्षा के विविध पहलुओं पर चर्चा की गई।

****

हरियाणा राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने भारतीय चिकित्सा संघ, हरियाणा द्वारा आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और चिरायु योजना से संबंधित सेवाओं को वापस लेने के आह्वान के संबंध में कहा कि सूचीबद्ध अस्पतालों की बकाया राशि का बिना किसी देरी के भुगतान किया जाएगा।

प्राधिकरण के प्रवक्ता ने कहा है कि भुगतान में छोटे अस्पतालों को प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य के सूचीबद्ध अस्पतालों के बकाया भुगतान के लिए पर्याप्त धनराशि स्वीकृत और प्राप्त हो चुकी है। प्रवक्ता ने कहा कि जून 2025 के दूसरे सप्ताह तक प्रस्तुत दावों का भुगतान अब तक किया जा चुका है। उक्त योजना की शुरुआत से अब तक, अस्पतालों को 3,050 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, 18 अगस्त तक, केंद्र और राज्य सरकारों से लगभग 480 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

****

सोनीपत में आज तड़के राष्ट्रीय मुख्य मार्ग 44 पर बहालगढ़ फ्लाईओवर के पास हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस हादसे का शिकार हो गई, जिसमें चालक सहित 10 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।जानकारी के मुताबिक यह बस कांगड़ा के जयसिंहपुर डिपो की थी जो पालमपुर से दिल्ली जा रही थी।हादसा तब हूआ बहालगढ़ में फ्लाईओवर पर आगे चल रहे एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी और बस उससे टकरा गई। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

****

सोनीपत पुलिस लाइन में लिफ्ट में फंसने से एक महिल सिपाही के दो साल के बच्चे की मौत हो गई।कल देर शाम यह हादसा हुआ। मृतक बच्चे उद्धवंश की मां प्रियंका का एक माह पहले ही अस्थाई तौर पर कुरुक्षेत्र से सोनीपत तबादला हुआ है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस आयुक्त ममता सिंह मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार से संवेदना व्यक्त की।

****

हरियाणा के कपिल बैसला ने कजाकिस्तान में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के जूनियर पुरुष वर्ग में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 243 अंकों के शानदार स्कोर के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। मूल रूप से पलवल जिले के गांव मुनिरगढ़ी के निवासी कपिल ने इसके साथ ही एक अन्य मुकाबले में रजत पदक जीतकर अपने हुनर का लोहा मनवाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कपिल बैसला को शुभकामनाएँ दी हैं।

****

फरीदाबाद नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर एवं अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज अनमोल जैन ने भी कजाखिस्तान के शिमकेंट में चल रही एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम इवेंट में रजत पदक अपने नाम किया।

कल हुए इस मुकाबले में अनमोल ने 600 में से 580 अंक हासिल किए। उनकी टीम में हरियाणा के आदित्य मालरा ने 579 और उत्तर प्रदेश के सौरभ चौधरी ने 576 अंक लेकर भारत को पहला पदक दिलाया।

****